# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2026
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2026
**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**E**

211-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

## SOCIAL SCIENCE
**( Compulsory )**
## सामाजिक विज्ञान
**( अनिवार्य )**

**विषय कोड :**
**Subject Code : 211**

कुल प्रश्न : 80 + 32 = 112
**Total Questions : 80 + 32 = 112**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 2 घंटे 45 मिनट)
[ Time : 2 Hours 45 Minutes ]

(पूर्णांक : 80)
[ Full Marks : 80 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*

5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।

6. **खण्ड-अ में 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं जिनमें **40** प्रश्न अनिवार्य हैं। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 40 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। । इनके उत्तर हेतु **OMR** उत्तर-पत्रक पर दिए गए सही विकल्प को **काले/नीले बॉल पेन** से भरें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**

7. **खण्ड-ब** में **सामाजिक विज्ञान** के अन्तर्गत कुल **5** विषयों के **लघु उत्तरीय प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **2 अंक** निर्धारित हैं।

**इतिहास** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q.Nos. 1 से 6) हैं, जिनमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**राजनीति विज्ञान** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न ( Q. Nos. 9 से 12) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

5. *This question booklet is divided into two sections —* ***Section-A*** *and* ***Section-B****.*

6. *In* ***Section-A*** *there are* ***80 objective type questions*** *out of which* ***40*** *questions are compulsory. If the candidate answers more than 40 questions, the first 40 answers only will be evaluated. Each question carries* ***1 mark****. For answering these darken the correct circle given on the OMR answer sheet with* ***black / blue ball pen. Do not use whitener / liquid material / blade / nail etc. on the OMR answer sheet otherwise the result will be treated invalid.***

7. *In* ***Section-B*** *there are Short Answer Type questions of* ***5*** *subjects of* ***Social Science****. Each question carries* ***2 marks****.*

***History*** *has* ***6*** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 1 to 6) out of which* ***any 3 questions are to be answered.***

***Political Science*** *has* ***4*** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 9 to 12) out of which* ***any 2 questions are to be answered.***

*अर्थशास्त्र में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 15 से 18) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।***

*भूगोल में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 21 से 26) हैं, जिनमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।***

***आपदा प्रबन्धन** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 29 से 32) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।***

*इनके अतिरिक्त **8** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में प्रत्येक से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।*

8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।*

***Economics** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 15 to 18) out of which **any 2 questions are to be answered.***

***Geography** has **6** Short Answer Type questions (Q. Nos. 21 to 26) out of which **any 3 questions are to be answered.***

***Disaster Management** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 29 to 32) out of which **any 2 questions are to be answered.***

*Apart from these, there are **8** Long Answer Type questions (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28). Each question carries **4 marks**. One Long Answer Type question each from History, Political Science, Economics and Geography is to be answered.*

8. *Use of any electronic appliances is strictly prohibited.*

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

***प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।*** ***40 × 1 = 40***

*Question Nos. 1 to 80 have four options each, out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 40 questions.* *40 × 1 = 40*

1. संविधान का अनुच्छेद 19 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

   (A) समानता का अधिकार (B) शिक्षा का अधिकार

   (C) मौलिक कर्त्तव्य (D) स्वतंत्रता का अधिकार

   Article 19 of the Constitution is related to which of the following ?

   (A) Right to Equality (B) Right to Education

   (C) Fundamental Duties (D) Right to Freedom

2. भारत में आंतरिक अशांति के कारण कब आपातकाल लगाया गया ?

   (A) 1962 (B) 1971

   (C) 1975 (D) 1990

   When was emergency imposed due to internal unrest in India ?

   (A) 1962 (B) 1971

   (C) 1975 (D) 1990

3. निम्न में कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है ?

   (A) भोजपुरी (B) मैथिली

   (C) अंगिका (D) बज्जिका

Which of the following languages is included in the Eighth Schedule of the Constitution ?

(A) Bhojpuri (B) Maithili

(C) Angika (D) Bajjika

4. संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

(A) पंचायती राज व्यवस्था (B) नगरपालिकाओं की शक्ति

(C) दल-बदल विरोधी कानून (D) अनुसूचित भाषायें

The 11th Schedule of the constitution is related to which of the following ?

(A) Panchayati Raj System (B) Powers of Municipalities

(C) Anti-defection Law (D) Scheduled languages

5. पंचायत समिति के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी कौन होता है ?

(A) ग्राम पंचायत के मुखिया (B) पंचायत सचिव

(C) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (D) महापौर

Who is the Chief Executive Officer of Panchayat Samiti ?

(A) Mukhiya of Gram Panchayat

(B) Panchayat Secretary

(C) Block Development Officer

(D) Mayor

6. निम्न में से किस देश में दोहरी नागरिकता पाई जाती है ?

(A) भारत (B) चीन

(C) सिंगापुर (D) अमेरिका

In which of the following countries is dual citizenship found ?

(A) India (B) China

(C) Singapore (D) America

7. निम्न में से क्या लोकतंत्र का आधार है ?

(A) जातिवाद (B) संप्रदायवाद

(C) जनमत (D) इनमें से सभी

Which of the following is the basis of democracy ?

(A) Casteism (B) Communalism

(C) Public opinion (D) All of these

8. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा भारत को औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किया गया ?

(A) 40 वें संवैधानिक संशोधन (B) 42 वें संवैधानिक संशोधन

(C) 44 वें संवैधानिक संशोधन (D) 46 वें संवैधानिक संशोधन

By which Constitutional Amendment was India formally declared a secular state ?

(A) 40th Constitutional Amendment

(B) 42nd Constitutional Amendment

(C) 44th Constitutional Amendment

(D) 46th Constitutional Amendment

9. हनोई समझौता किनके बीच हुआ ?

(A) लाओस और फ्रांस (B) कंबोडिया और वियतनाम

(C) फ्रांस और वियतनाम (D) लाओस और वियतनाम

Between which of the following was the Hanoi Agreement signed ?

(A) Laos and France (B) Cambodia and Vietnam

(C) France and Vietnam (D) Laos and Vietnam

10. दांडी मार्च कितने दिनों तक चला ?

(A) 7 दिन (B) 20 दिन

(C) 22 दिन (D) 24 दिन

How many days did the Dandi March last ?

(A) 7 days (B) 20 days

(C) 22 days (D) 24 days

11. स्वराज पार्टी का प्रथम सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?

(A) अहमदाबाद (B) गया

(C) इलाहाबाद (D) लखनऊ

Where was the first conference of Swaraj Party held ?

(A) Ahmedabad (B) Gaya

(C) Allahabad (D) Lucknow

12. अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (AITUC) के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) मानवेन्द्र नाथ राय (B) लाला लाजपत राय

(C) व्योमेशचन्द्र बनर्जी (D) ए. ओ. ह्यूम

Who was the first President of the All India Trade Union Congress ?

(A) Manabendra Nath Roy

(B) Lala Lajpat Rai

(C) Womesh Chandra Bonnerjee

(D) A. O. Hume

13. भारत के लिए पहला फैक्ट्री एक्ट कब पारित हुआ ?

(A) 1835 (B) 1881

(C) 1898 (D) 1905

When was the first Factory Act passed for India ?

(A) 1835 (B) 1881

(C) 1898 (D) 1905

14. पटना बिहार की राजधानी कब बनी ?

(A) 1910 (B) 1911

(C) 1912 (D) 1947

When did Patna become the capital of Bihar ?

(A) 1910 (B) 1911

(C) 1912 (D) 1947

15. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देशों के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में सहायता हेतु किस संस्था का गठन हुआ ?

(A) अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (B) विश्व बैंक

(C) संयुक्त राष्ट्र संघ (D) इनमें से सभी

Which organization was established after the World War II to help in reconstructing the fundamental structure of the countries ?

(A) International Monetary Fund

(B) World Bank

(C) United Nations Organization

(D) All of these

16. निम्नलिखित में से किसने इटली की कई राज्यों में विभाजित कर दिया ?

(A) मेजिनी (B) गैरीबाल्डी

(C) काउंट कावूर (D) मेटरनिख

Who among the following divided Italy into several states ?

(A) Mazzini (B) Garibaldi

(C) Count Cavour (D) Metternich

17. कौन-सी मृदा सर्वाधिक उपजाऊ है ?

(A) लैटेराइट मृदा (B) पीली मृदा

(C) जलोढ़ मृदा (D) पर्वत मृदा

Which soil is most fertile ?

(A) Laterite soil (B) Yellow soil

(C) Alluvial soil (D) Mountain soil

18. ज्वारीय ऊर्जा किस प्रकार का संसाधन है ?

(A) जैव संसाधन (B) नवीकरणीय संसाधन

(C) परंपरागत संसाधन (D) अनवीकरणीय संसाधन

What type of resource is tidal energy ?

(A) Biological Resource (B) Renewable Resource

(C) Traditional Resource (D) Non-renewable Resource

19. कांवर झील कहाँ है ?

(A) समस्तीपुर (B) बेगूसराय

(C) दरभंगा (D) सीतामढ़ी

Where is Kanwar lake ?

(A) Samastipur (B) Begusarai

(C) Darbhanga (D) Sitamarhi

20. संयुक्त वन प्रबंधन की शुरुआत किस राज्य से हुई थी ?

(A) बिहार (B) केरल

(C) मध्य प्रदेश (D) ओडिशा

Joint Forest Management was started from which state ?

(A) Bihar (B) Kerala

(C) Madhya Pradesh (D) Odisha

21. 1934 में बिहार ने किस प्राकृतिक आपदा का सामना किया था ?

(A) बाढ़ (B) भूकंप

(C) सूखा (D) चक्रवात

Which natural disaster did Bihar face in 1934 ?

(A) Flood (B) Earthquake

(C) Drought (D) Cyclone

22. निम्न में से कौन मानवजनित आपदा है ?

(A) बाढ़ (B) भू-स्खलन

(C) महामारी (D) भूकंप

Which of the following is a man-made disaster ?

(A) Flood (B) Landslide

(C) Epidemic (D) Earthquake

23. कुसहा तटबंध किस नदी पर स्थित है ?

(A) गंडक (B) सोन

(C) गंगा (D) कोसी

On which river is Kusaha embankment located ?

(A) Gandak (B) Sone

(C) Ganga (D) Kosi

24. सरदार सरोवर कृत्रिम जलाशय किस नदी पर बना है ?

(A) नर्मदा (B) सतलुज

(C) कृष्णा (D) कावेरी

Sardar Sarovar artificial reservoir is built on which river ?

(A) Narmada (B) Satluj

(C) Krishna (D) Kaveri

25. निम्न में से कौन बिहार की बड़ी आपदाओं में से एक है ?

(A) भू-स्खलन (B) चक्रवात

(C) बाढ़ (D) इनमें से सभी

Which of the following is one of the biggest disasters of Bihar ?

(A) Landslides (B) Cyclone

(C) Flood (D) All of these

26. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का पदेन अध्यक्ष कौन होता है ?

(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री

(C) पर्यावरण मंत्री (D) गृह मंत्री

Who is the ex-officio Chairman of National Disaster Management Authority (NDMA) ?

(A) President (B) Prime Minister

(C) Environment Minister (D) Home Minister

27. 26 दिसंबर, 2004 की सुनामी ने किस देश को प्रभावित किया था ?

(A) भारत (B) इंडोनेशिया

(C) श्रीलंका (D) इनमें से सभी

Which country was affected by Tsunami on 26th December, 2024 ?

(A) India (B) Indonesia

(C) Sri Lanka (D) All of these

28. विद्युत उत्पादन किस क्षेत्र की गतिविधि है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

Electricity production is an activity of which sector ?

(A) Primary Sector (B) Secondary Sector

(C) Tertiary Sector (D) None of these

29. भारत की राष्ट्रीय आय में किस क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है ?

(A) कृषि क्षेत्र (B) औद्योगिक क्षेत्र

(C) सेवा क्षेत्र (D) इनमें से सभी

Which sector has the largest contribution to India's National Income ?

(A) Agriculture Sector (B) Industrial sector

(C) Service sector (D) All of these

30. राष्ट्र की प्राथमिकताओं के अनुसार देश के संसाधनों का विभिन्न विकासात्मक कार्यों में प्रयोग करना, क्या कहलाता है ?

(A) आर्थिक वृद्धि (B) आर्थिक नियोजन

(C) आधुनिकीकरण (D) आत्मनिर्भरता

What is using the country's resources in various developmental activities according to the priorities of the nation called ?

(A) Economic growth (B) Economic planning

(C) Modernization (D) Self-reliance

31. 1949 में प्रो० पी० सी० महालनोबिस की अध्यक्षता में किस समिति का गठन हुआ ?

(A) राष्ट्रीय बचत समिति (B) राष्ट्रीय विकास समिति

(C) राष्ट्रीय आय समिति (D) केन्द्रीय सांख्यिकी समिति

Which Committee was formed in 1949 under the Chairmanship of Prof. P. C. Mahalanobis ?

(A) National Saving Committee

(B) National Development Committee

(C) National Income Committee

(D) Central Statistical Committee

32. निम्नलिखित में से क्या उत्पादन वृद्धि को प्रोत्साहित करती है ?

(A) माँग में वृद्धि (B) माँग में कमी

(C) निवेश में कमी (D) पूँजी निर्माण में कमी

Which of the following encourages production growth ?

(A) Increase in Demand (B) Decrease in Demand

(C) Decrease in Investment (D) Decrease in Capital formation

33. निम्नलिखित में से किस समझौते के तहत सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित किया गया ?

(A) दिल्ली समझौता (B) लखनऊ समझौता

(C) जेनेवा समझौता (D) जकार्ता समझौता

Under which of the following agreements was the Civil Disobedience Movement suspended ?

(A) Delhi Pact (B) Lucknow Pact

(C) Geneva Pact (D) Jakarta Pact

34. इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है ?

(A) मध्य प्रदेश (B) सिक्किम

(C) छत्तीसगढ़ (D) नागालैण्ड

Where is Indravati National Park located ?

(A) Madhya Pradesh (B) Sikkim

(C) Chhattisgarh (D) Nagaland

35. स्वर्ण खदान के लिए निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध है ?

(A) खेतड़ी (B) रत्नागिरी

(C) सिंहभूम (D) कोलार

Which of the following is famous for gold mines ?

(A) Khetri (B) Ratnagiri

(C) Singhbhum (D) Kolar

36. निम्न में से किसमें मैंग्रोव वन का विस्तार सर्वाधिक है ?

(A) पूर्वोत्तर राज्य (B) सुंदरवन

(C) पश्चिमी तट (D) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह

Which of the following has the maximum expansion of Mangrove forest ?

(A) North-Eastern States (B) Sundarban

(C) Western Ghats (D) Andaman and Nicobar Islands

37. गोदावरी एवं कृष्णा नदियों पर कौन-सा राष्ट्रीय जलमार्ग अवस्थित है ?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (B) राष्ट्रीय जलमार्ग-2

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग-3 (D) राष्ट्रीय जलमार्ग-4

Which National Waterway is located on the Godavari and Krishna rivers ?

(A) National Waterway 1 (B) National Waterway 2

(C) National Waterway 3 (D) National Waterway 4

38. ज्वार उत्पादन में किस राज्य का स्थान प्रथम है ?

(A) कर्नाटक (B) मध्य प्रदेश

(C) आन्ध्र प्रदेश (D) महाराष्ट्र

Which state ranks first in the production of Jowar ?

(A) Karnataka (B) Madhya Pradesh

(C) Andhra Pradesh (D) Maharashtra

39. निम्न में से किसे उद्योगों का जनक कहा जाता है ?

(A) सीमेंट उद्योग (B) लौह और इस्पात उद्योग

(C) वस्त्र उद्योग (D) ऑटोमोबाइल उद्योग

Which among the following is called the father of industries ?

(A) Cement industry (B) Iron and steel industry

(C) Textile industry (D) Automobile industry

40. निम्नलिखित में से किसका परिवहन पाइपलाइन के माध्यम से किया जाता है ?

(A) कच्चा तेल (B) गैस (LPG)

(C) लौह अयस्क (D) इनमें से सभी

Which of the following is transported through pipeline ?

(A) Crude oil (B) Gas (LPG)

(C) Iron ore (D) All of these

41. वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट किस वायसराय के कार्यकाल में पारित हुआ ?

(A) लॉर्ड लिटन (B) लॉर्ड रिपन

(C) लॉर्ड कर्जन (D) लॉर्ड डलहौजी

Vernacular Press Act was passed during the tenure of which Viceroy ?

(A) Lord Lytton (B) Lord Ripon

(C) Lord Curzon (D) Lord Dalhousie

42. भारत में प्रथम बार पूर्ण स्वतंत्रता दिवस कब मनाया गया ?

(A) 31 अक्टूबर, 1929 (B) 25 दिसंबर, 1928

(C) 26 जनवरी, 1930 (D) 26 नवंबर, 1930

When was complete independence day celebrated for the first time in India ?

(A) 31st October, 1929 (B) 25th December, 1928

(C) 26th January, 1930 (D) 26th November, 1930

43. इटली के एकीकरण में किसका योगदान था ?

(A) मेजिनी (B) काउंट कावूर

(C) गैरीबाल्डी (D) इनमें से सभी

Who contributed to the unification of Italy ?

(A) Mazzini (B) Count Cavour

(C) Garibaldi (D) All of them

44. कोसुथ कौन था ?

(A) ब्रिटिश विद्वान (B) हंगरियन राष्ट्रवादी नेता

(C) यूनान का शासक (D) फ्रांसीसी धर्म सुधारक

Who was Kossuth ?

(A) British scholar (B) Hungarian nationalist leader

(C) Ruler of Greece (D) French religious reformer

45. किस युद्ध के बाद जर्मनी का एकीकरण पूरा हुआ ?

(A) क्रीमिया का युद्ध (B) सेडान का युद्ध

(C) वियना का युद्ध (D) बर्लिन का युद्ध

After which war was the unification of Germany completed ?

(A) The Crimean War (B) Battle of Sedan

(C) Battle of Vienna (D) Battle of Berlin

46. जर्मन राईन राज्य की स्थापना किसने किया था ?

(A) लुई XVI (B) नेपोलियन बोनापार्ट

(C) बिस्मार्क (D) नेपोलियन-III

Who founded the German Rhine State ?

(A) Louis XVI (B) Napoleon Bonaparte

(C) Bismarck (D) Napoleon III

47. बंगाल विभाजन के फलस्वरूप किस आंदोलन की शुरुआत हुई ?

(A) असहयोग आंदोलन (B) खिलाफत आंदोलन

(C) स्वदेशी आंदोलन (D) सविनय अवज्ञा आंदोलन

Which movement started as a result of the partition of Bengal ?

(A) Non-Cooperation movement

(B) Khilafat movement

(C) Swadeshi movement

(D) Civil Disobedience movement

48. जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिए सरकार ने निम्नलिखित में से किसका गठन किया था ?

(A) हंटर आयोग (B) चेम्सफोर्ड समिति

(C) साइमन कमिशन (D) बटलर समिति

Which of the following was formed by the government to investigate the Jallianwala Bagh massacre ?

(A) Hunter Commission (B) Chelmsford Committee

(C) Simon Commission (D) Butler Committee

49. निम्न में कौन अभ्रक का प्रकार है ?

(A) ऐंथ्रासाइट (B) हेमेटाइट

(C) मस्कोवाइट (D) डोलोमाइट

Which of the following is a type of mica ?

(A) Anthracite (B) Haematite

(C) Muscovite (D) Dolomite

50. भारत में गन्ना उत्पादन में कौन अग्रणी राज्य है ?

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश

(C) पंजाब (D) आंध्र प्रदेश

Which is the leading state in sugarcane production in India ?

(A) Bihar (B) Uttar Pradesh

(C) Punjab (D) Andhra Pradesh

51. भारत में रेल परिवहन कब शुरू हुआ ?

(A) 1852 (B) 1853

(C) 1854 (D) 1855

When did rail transport start in India ?

(A) 1852 (B) 1853

(C) 1854 (D) 1855

52. बागमती परियोजना किस जिले में है ?

(A) सीतामढ़ी (B) समस्तीपुर

(C) पश्चिमी चम्पारण (D) गोपालगंज

Bagmati project is in which district ?

(A) Sitamarhi (B) Samastipur

(C) West Champaran (D) Gopalganj

53. ऑपरेशन फ्लड को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

(A) हरित क्रांति (B) श्वेत क्रांति

(C) बाढ़ सुरक्षा (D) नीली क्रांति

By which other name is Operation Flood known ?

(A) Green Revolution (B) White Revolution

(C) Flood Protection (D) Blue Revolution

54. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में झूम कृषि को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) पोडु (B) दीपा

(C) पामलू (D) इनमें से कोई नहीं

By which name is shifting cultivation known in Andaman and Nicobar slands ?

(A) Podu (B) Dipa

(C) Pamlu (D) None of these

55. राउरकेला इस्पात संयंत्र किसके सहयोग से स्थापित किया गया था ?

(A) ब्रिटेन (B) रूस

(C) फ्रांस (D) जर्मनी

With whose cooperation was the Rourkela Steel Plant established ?

(A) Britain (B) Russia

(C) France (D) Germany

56. निम्नलिखित पत्तनों में से कौन पश्चिमी तट पर स्थित है ?

(A) पारादीप (B) विशाखापट्टनम

(C) कांडला (D) तूतीकोरिन

Which of the following ports is located on the Western Coast ?

(A) Paradeep (B) Vishakhapatnam

(C) Kandla (D) Tuticorin

57. ताशकंद में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना किसने की ?

(A) हरदयाल शर्मा (B) बाल गंगाधर तिलक

(C) एम. एन. जोशी (D) एम. एन. राय

Who founded the Communist Party of India in Tashkent ?

(A) Hardayal Sharma (B) Bal Gangadhar Tilak

(C) M. N. Joshi (D) M. N. Roy

58. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की ?

(A) राजा राममोहन राय (B) स्वामी दयानंद सरस्वती

(C) सहजानंद सरस्वती (D) स्वामी विवेकानंद

Who founded Brahmo Samaj ?

(A) Raja Rammohan Roy (B) Swami Dayanand Saraswati

(C) Sahjanand Saraswati (D) Swami Vivekananda

59. भारतीय समाचार पत्रों के मुक्ति दाता के रूप में किसे जाना जाता है ?

(A) चार्ल्स मेटकाफ (B) लॉर्ड मैकाले

(C) लॉर्ड लिटन (D) लॉर्ड रिपन

Who is known as the liberator of Indian newspapers ?

(A) Charles Metcalfe (B) Lord Macaulay

(C) Lord Lytton (D) Lord Ripon

60. निम्नलिखित में से किसे समाजवादियों की बाइबल कहा जाता है ?

(A) वॉर एण्ड पीस (B) कम्यूनिस्ट मैनिफेस्टो

(C) दास–कैपिटल (D) अप्रैल थीसिस

Which of the following is called the Bible of Socialism ?

(A) War and Peace (B) Communist Manifesto

(C) Das Kapital (D) April Theses

61. रूसो कहाँ का दार्शनिक था ?

(A) फ्रांस (B) इंग्लैंड

(C) अमेरिका (D) रूस

Rousseau was the philosopher of which country ?

(A) France (B) England

(C) America (D) Russia

62. बॉम्बे क्रॉनिकल का प्रकाशन किसने प्रारंभ किया ?

(A) एम. जी. रणाडे (B) फिरोज़शाह मेहता

(C) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (D) मोतीलाल घोष

Who started the publication of Bombay Chronicle ?

(A) M. G. Ranade

(B) Pherozeshah Mehta

(C) Bharatendu Harishchandra

(D) Motilal Ghosh

63. जेनेवा समझौता का संबंध निम्नलिखित में से किससे था ?

(A) हिन्द-चीन समस्या (B) इटली का एकीकरण

(C) तुर्की-यूनान विवाद (D) नई आर्थिक नीति

The Geneva Agreement was related to which of the following ?

(A) Indo-China problem (B) Unification of Italy

(C) Turkey-Greece dispute (D) New Economic Policy

64. अंकोरवाट मंदिर का निर्माण किसने करवाया ?

(A) राजा हर्षवर्धन (B) राजा सूर्यवर्मा द्वितीय

(C) राजा नरसिंहदेव प्रथम (D) राजा कुलशेखर पांडियन

Who built Angkor Wat temple ?

(A) King Harshavardhana (B) King Suryavarman II

(C) King Narasimhadeva-I (D) Raja Kulshekhar Pandian

65. केन्द्रीय सहकारी बैंक किस स्तर पर कार्य करता है ?

(A) राष्ट्रीय स्तर (B) राज्य स्तर

(C) जिला स्तर (D) ग्राम स्तर

At what level does the Central Co-operative Bank function ?

(A) National level (B) State level

(C) District level (D) Village level

66. भूमि बंधक बैंक को अब किस नाम से जाना जाता है ?

(A) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (B) सहकारी बैंक

(C) नाबार्ड (D) भूमि विकास बैंक

By which name is Land Mortgage Bank now known ?

(A) Regional Rural Bank (B) Cooperative Bank

(C) NABARD (D) Land Development Bank

67. मेक्लेगन समिति के गठन का क्या उद्देश्य था ?

(A) कर सुधार (B) सहकारिता की समीक्षा

(C) उपभोक्ता संरक्षण (D) बेरोजगारी कम करना

What was the purpose of setting up of the Maclagan Committee ?

(A) Tax Reform (B) Review of Cooperative

(C) Consumer protection (D) Reduction of unemployment

68. निम्नलिखित में से क्या सामाजिक आधारभूत संरचना का भाग है ?

(A) संचार (B) यातायात

(C) शिक्षा (D) ऊर्जा

Which of the following is a part of social infrastructure ?

(A) Communication (B) Transportation

(C) Education (D) Energy

69. 1991 के आर्थिक सुधारों में किस नीति को अपनाया गया ?

(A) उदारीकरण (B) निजीकरण

(C) वैश्वीकरण (D) इनमें से सभी

Which policy was adopted in the economic reforms of 1991 ?

(A) Liberalization (B) Privatization

(C) Globalization (D) All of these

70. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम भारत सरकार द्वारा पहली बार कब अधिनियमित किया गया था ?

(A) 1980 (B) 1986

(C) 2005 (D) 2019

When was the Consumer Protection Act first enacted by the Government of India ?

(A) 1980 (B) 1986

(C) 2005 (D) 2019

71. भारत में कितने राज्य उपभोक्ता आयोग काम कर रहे हैं ?

(A) 582 (B) 35

(C) 28 (D) 1

How many State Consumer Commissions are working in India ?

(A) 582 (B) 35

(C) 28 (D) 1

72. भारत के आर्थिक सुधारों के समय भारत के प्रधानमंत्री कौन थे ?

(A) डॉ० मनमोहन सिंह (B) पी० वी० नरसिम्हा राव

(C) अटल बिहारी वाजपेयी (D) मोरारजी देसाई

Who was the Prime Minister of India at the time of India's economic reforms ?

(A) Dr. Manmohan Singh (B) P.V. Narsimha Rao

(C) Atal Bihari Vajpayee (D) Morarji Desai

73. प्रो० रैगनर नर्क्स ने किस धारणा को बताया ?

(A) आय का चक्रीय प्रवाह (B) गरीबी का कुचक्र

(C) निवेश फलन (D) सूक्ष्म वित्त

Which concept was given by Prof. Ragnar Nurkse ?

(A) Circular flow of income (B) Vicious cycle of poverty

(C) Investment function (D) Micro finance

74. देश की सीमा के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि में उत्पादित सभी वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य को क्या कहते हैं ?

(A) सकल घरेलू उत्पाद (B) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(C) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (D) प्रति व्यक्ति आय

What is the value of all goods and services produced within the boundaries of a country over a period of one year called ?

(A) Gross Domestic Product

(B) Gross National Product

(C) Net National Product

(D) Per Capita Income

75. भारत में आर्थिक नियोजन कब प्रारंभ हुआ ?

(A) 1950 (B) 1951

(C) 1965 (D) 1991

When did economic planning start in India ?

(A) 1950 (B) 1951

(C) 1965 (D) 1991

76. विश्व की पहली मानव विकास रिपोर्ट किनके मार्गदर्शन में तैयार की गई थी ?

(A) अमर्त्य सेन (B) महबूब उल हक

(C) प्रो० यूनूस (D) प्रो० केन्स

The first Human Development Report of the world was prepared under whose guidance ?

(A) Amartya Sen (B) Mahbub-ul-Haq

(C) Prof. Yunus (D) Prof. Keynes

77. बेल्जियम में किस भाषा को बोलने वाले लोगों की संख्या अधिक है ?

(A) फ्रेंच (B) डच

(C) जर्मन (D) अंग्रेजी

Which language has the largest number of people speaking in Belgium ?

(A) French (B) Dutch

(C) German (D) English

78. निम्नलिखित में से किसने बिहार में संपूर्ण क्रांति का नेतृत्व किया ?

(A) मोरारजी देसाई (B) इंदिरा गाँधी

(C) जयप्रकाश नारायण (D) शरद यादव

Who among the following led the Sampurna Kranti in Bihar ?

(A) Morarji Desai (B) Indira Gandhi

(C) Jayaprakash Narayan (D) Sharad Yadav

79. राजनीतिक दलों की नींव सर्वप्रथम किस देश में पड़ी ?

(A) भारत (B) फ्रांस

(C) ब्रिटेन (D) अमेरिका

In which country was the foundation of political parties first laid ?

(A) India (B) France

(C) Britain (D) America

80. भारतीय संघ का राष्ट्र प्रमुख कौन होता है ?

(A) प्रधानमंत्री (B) राष्ट्रपति

(C) मुख्य न्यायाधीश (D) लोकसभा अध्यक्ष

Who is the head of the state of the Indian Union ?

(A) The Prime Minister (B) The President

(C) The Chief Justice (D) The Speaker of Lok Sabha

## खण्ड - ब / SECTION - B

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** ***3 × 2 = 6***

*Question Nos. 1 to 6 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *3 × 2 = 6*

1. यूरोप में राष्ट्रवाद को जगाने में नेपोलियन बोनापार्ट की क्या भूमिका थी ?

   What was the role of Napoleon Bonaparte in awakening Nationalism in Europe ?

2. हनोई समझौता का क्या उद्देश्य था ?

   What was the purpose of the Hanoi Agreement ?

3. रॉलेट एक्ट का विरोध क्यों हुआ ?

   Why was the Rowlatt Act opposed ?

4. औपनिवेशिक काल के भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों के नाम बताएँ।

   Name the major export products of India during the Colonial period.

5. पाण्डुलिपि क्या है ? इसकी क्या उपयोगिता है ?

   What is manuscript ? What is its utility ?

6. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

   What was the main objective of the Bretton Woods Conference ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 7 and 8 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

7. रूसी क्रांति का क्या प्रभाव पड़ा ? विस्तार से बताएँ।

   What was the impact of the Russian Revolution ? Write in detail.

8. भारत में मजदूर आन्दोलन के विकास का वर्णन करें।

   Describe the development of labour movement in India.

# राजनीति विज्ञान / Political Science

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** ***2 × 2 = 4***

*Question Nos. 9 to 12 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* *2 × 2 = 4*

9. भारत में संघीय शासन व्यवस्था क्यों अपनाई गई ?

   Why was federal government adopted in India ?

10. ग्राम पंचायत के किन्हीं दो कार्यों को बताएँ।

    State any two functions of the Gram Panchayat.

11. दल-बदल विरोधी कानून से आप क्या समझते हैं ?

    What do you understand by Anti-defection law ?

12. राजनीतिक दलों को लोकतंत्र का प्राण क्यों कहते हैं ?

    Why are political parties called the lifeblood of democracy ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 13 एवं 14 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* **1 × 4 = 4**

*Question Nos. 13 and 14 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

13. सामाजिक विविधताओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने में लोकतंत्र की क्या भूमिका है ?

    What is the role of democracy in establishing harmony among social diversities ?

14. भारत के परिप्रेक्ष्य में हमें त्रिस्तरीय सरकार की आवश्यकता क्यों है ?

    Why do we need a three-tier government in the context of India ?

# अर्थशास्त्र / Economics

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **2 × 2 = 4**

*Question Nos. 15 to 18 are Short Answer Type. Answer any 2 questions: Each question carries 2 marks.* *2 × 2 = 4*

15. पूँजी निर्माण से क्या अभिप्राय है ?

    What does capital formation mean ?

16. शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद से आप क्या समझते हैं ?

    What do you understand by Net National Product ?

17. आधारिक संरचना कितने प्रकार की होती हैं ? उदाहरण सहित बताएँ।

    How many types of infrastructure are there ? State with example.

18. भारत में किस प्रकार की आर्थिक प्रणाली पाई जाती है ?

    What type of economic system is found in India ?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** **1 × 4 = 4**

*Question Nos. 19 and 20 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* 1 × 4 = 4

19. बिहार में वैश्वीकरण का क्या प्रभाव पड़ा है ? वर्णन करें।

    Describe the impact of globalization on Bihar.

20. उपभोक्ताओं को शोषन से बचाने के लिए सरकार ने क्या प्रयास किए हैं ? सविस्तार व्याख्या करें।

    What efforts has the government made to protect consumers from exploitation ? Explain in detail.

## भूगोल / Geography

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** **3 × 2 = 6**

*Question Nos. 21 to 26 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* 3 × 2 = 6

21. संसाधन से आप क्या समझते हैं ?

    What do you mean by resource ?

22. पट्टिका कृषि से आप क्या समझते हैं ?

    What do you mean by strip farming ?

23. खनिजों का आर्थिक महत्व क्या है ?

    What is the economic importance of minerals ?

24. ताप शक्ति क्यों समाप्य संसाधन है ?

    Why is thermal power an exhaustible resource ?

25. फुटलूज उद्योग किसे कहते हैं ?

    What is footloose industry ?

26. परिवहन में पाइपलाइन का क्या महत्व है ?

    What is the importance of pipeline in transportation ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 27 एवं 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** **$1 \times 4 = 4$**

*Question Nos. 27 and 28 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

27. वनों के प्रबंधन एवं पुनर्निर्माण में स्थानीय समुदायों की भूमिका के महत्व का वर्णन करें।

    Describe the importance of the role of local communities in the management and restoration of forests.

28. शक्ति संसाधनों के संरक्षण हेतु क्या कदम उठाये जा सकते हैं ?

    What steps can be taken to conserve power resources ?

## आपदा प्रबंधन / Disaster Management

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** **$2 \times 2 = 4$**

*Question Nos. 29 to 32 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

29. आकस्मिक प्रबंधन के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए।

    Mention the main components of emergency management.

30. बाढ़ के बाद किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?

What problems are faced after flood ?

31. वर्षा जल संग्रहण क्यों आवश्यक है ?

Why is rain water harvesting necessary ?

32. सूखे के प्रभाव को कम करने के उपायों का उल्लेख कीजिए।

Mention the measures to mitigate the effects of drought.



filo